हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 दिसंबर 2025

04 गेमिंग ऐप से युवाओं से लाखों रुपए की ठगी करने वाले...



07 भारत शहीदों की वीरता, साहस और पराक्रम का...





### पेन ड्राइव पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई तय करेगी पुलिस

# पेन ड्राइव खोलेगी राज, प्रबंधन ने पुलिस को सौंपा तोड़फोड़ से पहले का डेटा

आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि वीआईटी प्रबंधन द्वारा फुटेज की पेन ड्राइव दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोठरी स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में छात्रा की मौत के बाद हुए उपद्रव का मामला अब पुलिस जांच के केंद्र में आ गया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से भरी एक पेन ड्राइव सौंपी है, जिसमें तोडफ़ोड़ और आगजनी से ठीक पहले का अहम डेटा मौजूद होने का दावा किया जा रहा है।

आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि वीआईटी प्रबंधन द्वारा फुटेज की पेन ड्राइव दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच-पड़ताल के बाद उपद्रव में शामिल छात्रों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें वीआईटी प्रबंधन ने तोडफ़ोड़ करने वाले अज्ञात छात्रों के खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज करा रखी है। पुलिस को सौंपी गई यह पेन ड्राइव अब इन उपद्रवी छात्रों की मुसीबत बढ़ा सकती है। फुटेज की जांच से उन छात्रों की पहचान होगी जिन्होंने विरोध प्रदर्शन के दौरान एक एम्बुलेंस, बस, तीन कारों को जलाया और सीसीटीवी सिस्टम तथा लैब कॉम्प्लेक्स में तोडफ़ोड़ की थी।



### विधानसभा में गूंजा था मामला

वीआईटी का यह गंभीर मामला मध्यप्रदेश विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए गूंजा था। कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया था कि प्रबंधन की लापरवाही से 300 से अधिक विद्यार्थी पीलिया जैसी बीमारियों का शिकार हुए। जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सदन को बताया था कि हॉस्टल वार्डन प्रशांत कुमार पांडे एवं अन्य के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने माना था कि जांच में लिए गए 18 में से 4 पेयजल सैंपल दूषित पाए गए हैं, जिस पर विश्वविद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### वीआईटी प्रबंधन ने आरोपों को नकारा

राज्य सरकार के शो-कॉज नोटिस के जवाब में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 49 पन्नों का जवाब भेजकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रबंधन ने अपने बचाव में कहा कि आरोप भ्रमजनक, तथ्यहीन हैं और छात्र विरोध-प्रदर्शन फर्जी खबरों और सोशल मीडिया की अफवाहों से प्रेरित था। प्रबंधन ने कैंपस में उन्नत भोजन,पानी की गुणवत्ता नियंत्रण और 24 घंटे मेडिकल सुविधा उपलब्ध होने का दावा किया। उन्होंने सरकार से नोटिस वापस लिए जाने की मांग की है। इधर अब सबकी निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं, जो पेन ड्राइव में कैद डेटा के आधार पर आगे की कार्रवाई तय करेगी।

### ऐसे हुई थी विवाद की शुरुआत

- इस पूरे विवाद की शुरुआत 24 नवंबर को 19 वर्षीय छात्रा नेहा साहुकार की सेप्टिक शॉक (गंभीर टीबी) से मौत होने के बाद हुई।
- 26 नवंबर को छात्रा की मौत की खबर सामने आने पर छात्रों ने हॉस्टल अव्यवस्था, घटिया भोजन और खराब मेडिकल सुविधाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया।
- 26/27 नवंबर की रात गुस्साए 4000 छात्रों ने कैंपस में उग्र तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया।
- 27/29 नवंबर को पीएचई रिपोर्ट में 4 पानी के सैंपलों में हानिकारक ई. कोली बैक्टीरिया पाया गया था।

### खबर संक्षेप

#### जल निगम के अधिकारियों ने जब्त किए अवैध मोटर पंप



**सीहोर।** जल निगम के अधिकारियों द्वारा मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत भैरूंदा जनपद के ग्राम मांगरोल, ग्राम पंचायत टीकामोड अवैध मोटर पंप जब्ती की कार्यवाही की गई। ग्राम मांगरोल में कुछ उपभोक्तओं द्वारा अवैध मोटर पंप का उपयोग करके पानी लिया जा रहा था। इसके साथ ही गांव में अवैध रूप से पेयजल पाइपलाइन में छेद करके कनेक्शन कर लिए गए थे, जिससे ग्राम की जलप्रदाय व्यवस्था बाधित हो रही थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए मोटर पम्प की जब्ती की गई है। विभाग के अधिकारियों ने बताया इस प्रकार की कार्रवाहियां निरंतर जारी हैं, ताकि परियोजना के सभी गांवों में सुचारू रूप से जलप्रदाय किया जा सके।

#### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

#### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

### कड़ाके की ठंड, पारा 5 डिग्री पर पहुंचा

## कोहरे से विजिबिलिटी 10 मीटर पर आई, मावठे के आसार और गिरेगा तापमान



**सीहोर।** जिले में सोमवार को कड़ाके की ठंड रही। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी (दृश्यता) घटकर महज 10 मीटर रह गई। जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से रात का पारा लगातार 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

#### पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में तापमान गिर रहा है। उन्होंने मावठे (शीतकालीन वर्षा) की संभावना भी जताई है। बारिश के बाद तापमान में और गिरावट आ सकती है।

#### 15 दिन में दूसरी बार 5 डिग्री पर आया पारा

जिले में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। 1 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री था, जो 15 दिसंबर को घटकर 5 डिग्री पर आ गया।

इससे पहले 11 दिसंबर को भी पारा 5 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं, 6 और 7 दिसंबर को तापमान 5.3 डिग्री रहा था। लगातार गिरते तापमान ने लोगों की धूजणी छुड़ा दी है।

## समूहों को एनआरएलएम में पंजीयन कराने के निर्देश

### स्व-सहायता समूह व शाला प्रबंधन समिति प्रधानों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मंगलवार को जनपद पंचायत अंतर्गत समस्त शालाओं में कार्यरत स्व सहायता समूह एवं शाला प्रबंधन समिति के संस्था प्रधानों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अश्विनी पाटीदार ने मध्याह्न भोजन के सुचारू रूप से संचालन व व्यवस्थाओं के बारे में बताया एवं सभी समूह को एनआरएलएम में पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। बैठक में विकास खंड अकादमिक समन्वयक एमडीएम प्रभारी सतीश नागर ने समूह एवं शाला प्रबंधन समिति को अपना लाइसेंस अनिवार्य बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्व सहायता समूह सदस्य शालाओं के प्रबंधन समिति के प्रधान जन शिक्षक जनपद पंचायत से सोहन बैरागी उपस्थित रहे।





## दिव्यांग छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नलखेड़ा।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय में मंगलवार को विकासखंड स्तरीय दिव्यांग छात्रों की सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसीसी चंदनबाला फाफरिया ने मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। दिव्यांग बच्चों ने दौड़ रंगोली चित्रकला नींबू रेस चेयर रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूल बैग भेंट किए गए। सभी प्रतिभागियों का सहभोज भी हुआ एवं सभी को यात्रा भत्ता भी प्रदान किया गया। इस दौरान अरुण कुमार त्रिवेदी गिरधारी बाघेला एवं समस्त बीएसी जन शिक्षक व बीआरसी कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## 4 जुआरी गिरफ्तार, देहरी के जंगल से 7390 रुपए और 3 बाइक जब्त

**सीहोर।** पुलिस ने अवैध जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अहमदपुर थाना क्षेत्र के देहरी के जंगल पारुआ के पास की गई, जहां से पुलिस ने 7390 रुपए नकद और तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी अहमदपुर हेमंत पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बरखेड़ा हसन में देहरी के जंगल पारुआ के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से सुमित शर्मा (32), अनिल लोधी (26), हेमसिंह (38) और अनिल गुर्जर (22) को जुआ खेलते हुए पकड़ा। ये सभी ग्राम बरखेड़ा हसन के निवासी हैं। पुलिस टीम ने जुआरियों के पास से कुल 7390 रुपए नकद और लगभग 85000 रुपए कीमत की तीन मोटरसाइकिलें जब्त कीं।

जब्त किए गए कुल सामान की कीमत 92390 रुपए बताई गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### सुबह बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### संबंधित अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई कर नागरिकों की समस्या सुनी। कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर निराकरण योग्य आवेदनों का कलेक्टर ने अधिकारियों से तत्काल निराकरण भी करवाया। जनसुनवाई में एसपी विनोद कुमार सिंह, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेम नारायण परमार सहित सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।





जनसुनवाई में ग्राम शिवाजी नगर डग रोड सुसनेर निवासी संतोष कुमार ने उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि वर्ष 2012 में एक घटना में दाएं पैर के हड्डी टूट जाने पर चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान रॉड डाली गई थी। विगत 15 दिनों से पुनः पैर में दिक्कत आ रही है, जिसे चिकित्सकों को दिखाने पर ऑपरेशन करने के लिए कहा गया है। जिस पर लगभग 30 से 40 हजार रुपए व्यय होना बताया है। दिव्यांग होने के साथ ही आर्थिक स्थिति दयनीय होने से उपचार के लिए आर्थिक मदद करवाई जाए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम तनोडिया निवासी राजेश पिता भेरुलाल व अन्य तीन आवेदकों द्वारा संयुक्त रूप से आवेदन देकर कृषि भूमि पर जाने के बंद रास्ते को खुलवाने का अनुरोध किया गया। आवेदको ने बताया कि कृषि भूमि पर आने-जाने के एकमात्र रास्ते को अनावेदक द्वारा तार फेंसिंग कर बंद कर दिया गया है। रास्ता बंद हो जाने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर ने तहसीलदार को मौका जांच कर रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए। आगर निवासी विनोद मालवीय ने दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूनिक आईडी कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया। विनोद ने बताया कि वह आंखों से दिव्यांग है, इसके बाद भी दिव्यांग का प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम पिपलियाकलां निवासी कृष्णपाल ने भूमि से बंधक हटवाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि उसके द्वारा स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि पर एक आगर की एक बैंक शाखा से केसीसी लिया गया था। उक्त राशि बैंक को समय पर जमा कर दी गई है। जहां से एनओसी भी प्रदान की गई। बैंक तरफ कोई लेना-देना ना होने के बावजूद भी भूमि पर बंधक लगा है, जिससे अन्य बैंक से ऋण नहीं मिला पा रहा है। अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी बंधक नहीं हटाया जा रहा है। कलेक्टर ने तहसीलदार आगर को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### पुलिस ने 4.73 लाख की अवैध शराब जब्त की

**बुधनी।** सीहोर जिले में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। शाहगंज पुलिस ने रविवार को लगभग पौने पांच लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर, शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश चौहान की टीम ने मछवाई स्थित विपिन चौहान के घर पर दबिश दी। घर में बने पानी के टैंक से देशी और अंग्रेजी शराब की कुल 73 पेटियां बरामद की गईं। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा 679 लीटर 860 मिलीलीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 4,73,390 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**चापडा।** पुलिस थाना कमलापुर पर फरियादी सुनील व्दारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि मेरे अंकल लालसिंह के लड़के राजू और अनिल में आपसी विवाद होने से मेरे पिता जगन्नाथ के साथ डंडे और पत्थर से मारपीट की गई और लालसिंह और अशोक ने हाथ मुक्को से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपीगण लालसिंह पिता जामसिंह डावर,अनिल पिता लालसिंह डावर,अशोक पिता लालसिंह डावर एवं राजू पिता लालसिंह डावर निवासीगण ग्राम जामनझीरी खेड़ाखाल को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा,प्रआर रायचंद झोड़िया,अरुण आर्य,आर अरुण वर्मा,सैनिक विष्णु सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

### जल वितरण के समय में परिवर्तन किया

**देवास।** नगर निगम जलप्रदाय विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 15 एमएलडी की पाईप लाईन मंगलवार सुबह 09 बजे फूट जाने से लाइन दुरस्त करने का कार्य क्षिप्रा प्लांट पर सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया गया जिसके कारण रात्रि 11.30 बजे तक प्लांट बंद रहेगा। जिस कारण शहर की कई टंकी मंगलवार को नही भर पाई। जिसमे बड़ी टंकी क्षेत्र बुधवार वार्ड 33 राधागंज, वार्ड 34 गवली मोहल्ला, कृष्णापुरा सहित अन्य क्षेत्रों में सप्लाई नहीं होगी।

### देवास पुलिस को मिली बड़ी सफलता, हाटपीपल्या पुलिस ने 11 को किया गिरफ्तार

# गेमिंग ऐप से युवाओं से लाखों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

#### इसी गेमिंग ऐप से हुए आर्थिक नुकसान के चलते युवक ने की थी आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप, सट्टा और जुए के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक संगठित गिरोह का मंगलवार को पर्दाफाश किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि अब तक इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।यह गिरोह लंबे समय से हाटपीपल्या थाना क्षेत्र में सक्रिय था। मुख्य आरोपी जाकिर पठान, निवासी अण्डा गली, हाटपीपल्या, ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए अवैध सट्टा संचालित कर रहा था। वह युवाओं को अधिक लाभ का लालच देकर सट्टा खेलने के लिए प्रेरित करता था।इस धोखाधड़ी के कारण नगर के कई युवक आर्थिक रूप से बर्बाद हो गए थे। पूर्व में इसी गेमिंग ऐप से हुए आर्थिक नुकसान के चलते योगेश अग्रवाल नामक युवक ने आत्महत्या कर ली थी।

इस घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की।थाना प्रभारी हाटपीपल्या निरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस ने जाकिर पठान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में जाकिर ने बताया कि वह अरुण तंवर और हरिश सोलीवाल के निर्देश पर काम करता था।आरोपी सट्टा खेलने के इच्छुक लोगों से विभिन्न बैंक खातों में पैसे जमा कराते थे और उन्हें वेबसाइट की आईडी व पासवर्ड देते थे। जमा की गई राशि के बदले पॉइंट्स दिए जाते थे, जिनका उपयोग ग्राहक ऑनलाइन गेम खेलने के लिए करते थे।जीत की राशि का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जाता था, जिसमें अक्सर फर्जी और ठगी से प्राप्त पैसों का इस्तेमाल होता था। इस गिरोह की मास्टर आईडी इंदौर निवासी राहुल चौरसिया से प्राप्त की जाती थी। आरोपीगण funrep.pro, mydgp.online एवं playrep.pro नामक वेबसाइट्स के माध्यम से 24×7 ऑनलाइन सट्टा (हार–जीत) संचालित करते थे । मास्टर आईडी इंदौर निवासी राहुल चौरसिया से प्राप्त की जाती थी, जिसके अंतर्गत हाटपीपल्या क्षेत्र में कई एजेंट आईडी बनाई गई थीं। इन एजेंट आईडी के माध्यम से सैकड़ों युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जाल में फंसाकर लाखों–करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई। उक्त गेमिंग ऐप के विरुद्ध पूर्व में थाना करही, जिला खरगोन एवं क्राइम ब्रांच इंदौर में भी प्रकरण पंजीबद्ध होना पाया गया है।थाना हाटपीपल्या पुलिस ने कार्रवाई कर हरिश सोलीवाल पिता अशोक निवासी हाटपीपल्या (आईडी संचालक), अरुण तंवर पिता गोविंद निवासी अशोकगंज हाटपीपल्या (आईडी संचालक),जाकिर पठान पिता अय्युब निवासी हाटपीपल्या, अक्षत पिता सुनिल टांडी उम्र 20 साल निवासी हाटपीपल्या,दुर्गेश पिता श्रीराम पाटीदार निवासी कनोंदिया मण्डलेश्वर जिला खण्डवा, राजकुमार पिता मुरलीधर जायसवाल उम्र 32 साल निवासी गधवानी जिला धार, जितेन्द्र पिता सुरज सिंह संघठ उम्र 33 साल निवासी हाटपीपल्या, शहजाद पिता सिराज कुरेशी उम्र 48 साल निवासी पुंजापुरा, सुनिल पिता देवीलाल पंडित उम्र 30 सात निवासी हाटपीपल्या, सुभाष पिता सुमेर दरबार उम्र 45 साल निवासी हाटपीपल्या और गोलू पिता सुरेश अण्डेरिया उम्र 32 साल निवासी हाटपीपल्या सहित 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर 50 हजार का मश्रुका बरामद किया है।

# सौरभ के हत्यारों को गिरफ्तार करने एसपी के नाम दिया ज्ञापन

#### सर्व ब्राह्मण समाज ने की जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ (सर्व ब्राह्मण समाज) द्वारा सौरभ उर्फ विक्की पिता स्व. हनुमान प्रसाद मिश्रा के हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 25 नवम्बर की शाम को जब सौरभ (विक्की) किसी काम से कवि कालीदास स्थित अपने घर से निकला था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटने के कारण परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला और अगले दिन 26 नवंबर को 11 बजे सूचना मिली कि सौरभ को घायल अवस्था में एम जी हास्पिटल में भर्ती किया गया है।

सौरभ के सिर, मुंह, आंख व उसके शरीर के काफी भाग पर गंभीर चोंटे आई थी जिससे कि स्पष्ट प्रतीत हो रहा था कि किसी ने उसकी हत्या करने के उद्देश्य से मारपीट की थी। 27 नवम्बर को सौरभ की मृत्यु हो गई। किंतु आज दिनांक तक पुलिस द्वारा सौरभ के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया न ही उक्त प्रकरण में पुलिस ने कोई उचित कार्यवाही की है। पूर्व में सौरभ की माता विजय लक्ष्मी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को सौरभ की हत्या की निष्पक्ष जांच कर हत्यारों को पकड़ने के लिए आवेदन दिया था लेकिन उक्त आवेदन पर कोई जांच नहीं हुई है न ही उसकी मृत्यु की असल वजह सामने आ सकी है। सौरभ अपने परिवार का जिम्मेदार सदस्य था वह कमीशन पर लोन दिलवाने का काम करता था। उसी से परिवार चलता था। उसकी मौत से परिवार दुखी है एवं काफी परेशानी में है।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ (सर्व ब्राह्मण समाज) ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि सौरभ की मृत्यु किस प्रकार से हुई यह पता कर दोषियों पर उचित कार्यवाही करे। इस अवसर पर दिनेश मिश्रा, संजय शुक्ला, मधुसूदन शर्मा, घनश्याम पंडित, अशोक चौधरी, ओपी चौधरी, महेंद्र स्थापक, रितेश शर्मा, आकाश अवस्थी, दीपेश कानूनगो, महेंद्र व्यास, सतीश दुबे, अमिताभ शुक्ला, दीपक जोशी, मुकेश, विमल शर्मा, चंद्रशेखर दुबे, चंद्रपाल शर्मा, लीलाधर तिवारी, श्याम शर्मा, मंगेश शर्मा, पंकज प्रधान, संजय तिवारी, अश्विन सरिया, समीर शर्मा, सुरेश शर्मा, देवकीनंदन समाधिया, विशाल आनंद मिश्रा, नवीन मिश्रा, भरत व्यास, प्रमोद व्यास, कमलेश शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, टिंगू शुक्ला, अनिल मिश्रा, लोकेंद्र मिश्रा, राकेश मिश्रा, विजय तिवारी, प्रणय व्यास, रितेश जोशी, रोहित उपाध्याय, अरविंद रावल, दिनेश जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# बिना पीयूसी, बीमा व फिटनेस के सड़क पर दौड़ रहे ऑटो एवं मैजिक जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने जांच दल के साथ मिलकर देवास शहर की सीमा में बिना बीमा, बिना पीयूसी एवं बिना फिटनेस के सवारी लेकर मार्गो पर संचालित ऑटो एवं मैजिक वाहनों का जांच अभियान चलाया। जांच में बड़ी मात्रा में मैजिक-ऑटो बिना दस्तावेजों के पाए गए, जिस पर विभाग द्वारा जप्ती की कार्यवाही करते हुए आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। दस्तावेजों को पूर्ण करवाने के बाद चालानी कार्यवाही की जा रही है। कुल 48 वाहनों की जांच में 22 ऑटो एवं मैजिक में दस्तावेजों की कमी पाई गई। साथ ही 3 बड़े लोडिंग वाहनों में दस्तावेजों की कमी पर जाने पर 36 हजार का चालान किया गया। आरटीओ अधिकारी चौहान ने बताया कि सभी प्रकार के यात्री एवं मालवाहक ऑटो तथा मैजिक वाहनों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। सभी ऑटो मैजिक चालक अपने दस्तावेजों को पूरा करके ही वाहन का संचालन करें तथा होने वाली कार्यवाही से बचें। अगर दस्तावेज पूरे नहीं होंगे तो चालकों को परेशानी होगी।

# ब्लू वाटर सर्टिफिकेशन अवार्डः अमृत संचय अभियान कला शिविर में 40 कलाकारों, 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने बनाई पेंटिंग्स






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमृत संचय अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से देवास में एक वृहद कला शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 कलाकारों एवं 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता कर पानी के महत्व, उसके संरक्षण और भविष्य की चिंता को रेखांकित करती प्रभावशाली पेंटिंग्स बनाई। बुधवार को जिले में जल संरक्षण के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए जिले में नवाचार करते हुए शासकीय, अशासकीय, निजी उद्योग, प्रतिष्ठानों द्वारा जल संचय के क्षेत्र में वाटर बजट संधारित करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थानों को ब्लू-वाटर सर्टिफिकेशन अवार्ड कार्यक्रम के तहत दिनांक 17 दिसंबर को मल्हार स्मृति मंदिर में सायं 5 बजे ब्लू वाटर सर्टिफिकेशन अवार्ड का आयोजन किया जाएगा।मंगलवार को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कला शिविर का शुभारंभ इंदौर के वरिष्ठ चित्रकार रमेश खैर एवं रविंद्र व्यास ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने इस पहल को जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सशक्त और रचनात्मक प्रयास बताया।कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं सीईओ, जिला पंचायत ने भी सहभागिता करते हुए कलाकारों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं सीईओ जिला पंचायत ने देवास की रचनात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि कलाकार और विद्यार्थी एकजुट होकर चित्रों के माध्यम से पानी बचाने का सशक्त संदेश दे रहे हैं।मंच पर अमृत संचय अभियान टीम से डॉ. सुनील चतुर्वेदी, डॉ. समीरा नईम, श्रीकांत उपाध्याय, गंगासिंह सोलंकी, मनीष वैद्य, हिमांशु कुमावत, साफिया कुरेशी, कृपाली राणा, श्रीराम कुमावत, शर्मिला ठाकुर, प्रदीप खरे, सुनीता कौशल, सुमन कुमावत एवं मकसूद अली सहित प्रकाश कांत, सुषमा अरोरा, दिलीप निगम, मनीष शर्मा, रश्मि शर्मा, अलका निगम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कला शिविर में रईस खान, संजीवनी कांत, मनोज पंवार, शिवानी सोनी, जयप्रकाश चौहान, अमित पिठवे सहित कई कलाकारों ने पेंटिंग्स बनाई।

# विशेष गहन पुनः निरीक्षण 2026 के लिए सूचियों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मंगलवार को विशेष गहन पुनः निरीक्षण 2026 में गणना प्रपत्र भरने के कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र भौंरासा के मतदान केन्द्रो पर अनुपस्थित/ स्थानांतरित/ मृत एवं दोहरी प्रविष्टि के मतदाताओं की सूचियों का अवलोकन मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल, नगर के मतदाताओं, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समस्त बीएलओ द्वारा सूचियों का अवलोकन कर सूची चस्पा की गई।

जिसमें बीएलए ओमप्रकाश जायसवाल, अफजल मंसूरी, संदीप चावड़ा,कृष्णकांत चावड़ा, विक्रम सिंह कुमावत, कमलेश माली, राजेंद्र वर्मा, रमेश हेड़ा (एसआईआर मंडल प्रभारी), प्रदीप मंत्री, अनिल जायसवाल, कन्हैयालाल खाटवा, बीएलओ सुपरवाइजर, अनिल परमार, सुनील चौधरी एवं बीएलओ मोहम्मद इकबाल बेग, ममता जायसवाल, राजेंद्र यादव, रजत चौधरी, कैलाश लोधी, निजाम कुरैशी द्वारा सूचियों का अवलोकन एवं चस्पा करने का कार्य किया गया।

### शंकरगढ़ पहाड़ी स्थित जैव विविधता वाटिका में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया

# पौधरोपण औपचारिकता न रहकर जीवनशैली का बने हिस्साः एडीजीपी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शंकरगढ़ पहाड़ी पर स्थित जैव विविधता वाटिका में मंगलवार को पुलिस विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजीपी (प्रशिक्षण) भोपाल राजा बाबू सिंह के करकमलों द्वारा पौधारोपण कर किया गया।

कार्यक्रम केवल पौधे लगाने तक सीमित न होकर प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रशासनिक एवं सामाजिक दायित्व तथा सतत विकास की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने वाला रहा।कार्यक्रम के दौरान एडीजीपी सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को समय की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता न रहकर जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने यह रेखांकित किया कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आज प्रशासन और समाज दोनों का साझा दायित्व है।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ऋतुराज ने जिले में संतुलित विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को जैव विविधता संरक्षण की दिशा में प्रशासनिक प्रतिबद्धता का परिचायक बताया।एसपी पुनीत गेहलोत ने इस अवसर पर पुलिस विभाग की सामाजिक सहभागिता और जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने यह दर्शाया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित न रहकर समाज के समग्र कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।डीएफओ अमित कुमार ने वृक्षों और वनों को मानव जीवन की आधारशिला बताते हुए जैव विविधता के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा भविष्य में ऑक्सीजन, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन का माध्यम बनेगा।उक्त कार्यक्रम में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया सहित पुलिस विभाग, वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस विभाग,वन विभाग,राजस्व विभाग एवं ग्रीन आर्मी के स्वयंसेवक एवं अन्य वॉलेंटियर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# संकुल सहसमन्वयक पाटीदार सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के जिला समन्वयक शैलेष पाटीदार द्वारा सामाजिक चेतना केंद्र एकीकृत माध्यमिक शाला कामठखेडा, चैम्पियन शाला छतरपुरा का अकास्मिक अवलोकन कर नव साक्षर, अक्षर साथी तथा नोडल अधिकारी गणों से चर्चा कर साक्षरता कक्षाओं की प्रगति का आंकलन कर आवश्यक निर्देश दिए गए तथा संकुल सहसमन्वयक गणों के प्रयास की प्रसंशा की।

उक्त कार्यक्रम अंतर्गत ब्लाक में संकुल सहसमन्वयक जवाहर पाटीदार द्वारा राज्य स्तर पर किए गए सराहनीय सर्वे कार्य के लिए नायब तहसीलदार नीरज प्रजापति, बीआरसी कय्युम खान, ब्लाक समन्वयक सुभाष मालवीय की उपस्थिति में जिला समन्वयक पाटीदार ने राज्य शिक्षा केंद्र संचालक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संकुल सहसमन्वयक वारिस अली, शीला राठौर, आशीष परिहार, मनोज शुक्ला,आशीष सिसोदिया, कांशीराम भौंदिया आदि उपस्थित रहे।

पाकिस्तान विजय (1971)पर सेना का शौर्य दिवस के रूप में मना

# भारत शहीदों की वीरता, साहस और पराक्रम का देशः डॉ. लतिका सुडेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

केoपीoएसoपीoजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुये युद्ध में भारत की अभूतपूर्व जीत को विजय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर युद्ध में शहीद हुये जांबाज सैनिकों को नमन करते हुये उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉo लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉo राजेन्द्र प्रकाश एवं आई क्यू ए सीo प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

डॉo लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत हमेशा से वीरता, साहस और पराक्रम के लिये जाना जाता है। जब भी किसी विदेशी आकान्ताओं ने भारत पर आक्रमण करने की कोशिश की है। उन्हें मुँह




की खानी पड़ी है। पाकिस्तान पर अपनी जीत के कारण ही आज का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य डॉo राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि 1971 के युद्ध में भारत के खिलाफ अमेरिका एवं चीन जैसे शक्तिशाली देश पाकिस्तान के समर्थन में खड़े थे। इसके बाबजूद पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों के सामने न केवल घुटने टेक दिये, बल्कि पाकिस्तान के 93000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया। जो कि विश्व के इतिहास में सबसे बड़ा सैन्य समर्पण था। आईक्यूएसीo प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि पाकिस्तान की शर्मनाक पराजय के परिणामस्वरूप पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया और बांगलादेश का निर्माण हुआ। जो कि भारतीय सेना और भारत के लिये गर्व का विषय है।

कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असिoप्रोo दिनेश श्रीवास्तव, डॉo साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी पुरोहित, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

अपराध व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दिए निर्देश

# रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट पहुंचे एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने मंगलवार को कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रिपोर्टिंग चौकी राजघाट का आकस्मिक निरीक्षण कर चौकी परिसर, बैरक व कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया। एसपी ने सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं चोकी परिसर/ कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। चौकी में लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया। लम्बित आईजीआरएस/प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व शत-प्रतिशत फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया। साथ ही चौकी प्रभारी को प्रतिदिन चौकी क्षेत्र में पैदल गस्त करने हेतु निर्देशित किया। पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहन, व्यक्ति, वस्तु के विरुद्ध चेकिंग चलाने हेतु निर्देशित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक व उनका पालन कराने हेतु निर्देशित किया।

# बुंदेली गौरव सम्मान समारोह होगा सहकारी संघ में निर्विरोध निर्वाचित पूर्व सांसद सिंह का सम्मान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



श्रीलंका में सम्पन्न हुये अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी संघ (आईसीए) के निर्वाचन में निर्विरोध निर्वाचित होकर भारतीय सहकारी आंदोलन का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाले कृभको चेयरमेन/अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी संघ के अध्यक्ष डा.चन्द्रपाल सिंह यादव (पूर्व सांसद) का ललितपुर के झांसी रोड स्थित अमर पैलेस में भव्य सम्मान समारोह एवं सहकारित सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में डा.चन्द्रपाल सिंह यादव को बुन्देली गौरव सम्मान से नवाजा जायेगा। अपराह्न 1 बजे से शुरू होने वाले आयोजन की जानकारी देते हुये पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव ने सभी आमंत्रित अतिथियों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक, स्वयं सेवी एवं सहकारिता संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

# वार्ड 10 में 51 लाख की सड़कों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

वार्ड 10 में रायपुरा बस्ती में 41 लाख एवं वार्ड 26 में 10 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का सोमवार को विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा द्वारा भूमिपूजन किया गया।

विधायक ने नपा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों की गुणवत्ता ठीक रहना चाहिए। वार्डवासी भी सड़क जब डले तो जरूर देखें कि सड़क ठीक डल रही है या नहीं। विधायक मुकेश टंडन ने कहा की अपने घरों के आसपास साफ-सफाई जरूर रखें ओर कचरा वाहन में ही डालें। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीतिराकेश शर्मा ने कहा कि



आज वार्ड 10 में 41 लाख की सड़क एवं वार्ड 27 में 10 लाख की सड़क का भूमिपूजन किया है। वार्ड 10 के रायपुरा बस्ती में यहां के रहवासियों द्वारा इस सड़क की मांग की जा रही थी। नपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता का सहयोग के लिए बिना हमारे वार्ड का एवं शहर विकास नहीं हो सकता। इसमें वरिष्ठ नेता बाबूलाल ताम्रकार, विजय जैन, दिनेश कुशवाह, सुरेंद्र चौहान, प्रशांत खत्री, केके गुप्ता आदि मौजूद थे।

मनुष्य के साथ ही जानवरों के लिए भी स्वास्थ्य का खतरा, प्रशासन की सख्ती

# ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन की जांच के लिए औषधि निरीक्षक की छापामार कार्यवाही

**ललितपुर**। ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन का अनैतिक उपयोग पशुओं और मनुष्य दोनों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। इसी को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दवा दुकानों पर निरीक्षण अभियान चलाया। औषधि निरीक्षक विनय मिश्रा ने शहर व आसपास की मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण कर ऑक्सिटोसिन के भंडारण, बिक्री और उपयोग की स्थिति की जांच की।

निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि ऑक्सिटोसिन का उपयोग केवल चिकित्सकीय परिस्थितियों में और विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में ही किया जा सकता है। दूध उत्पादन बढ़ाने या पशुओं में गलत उद्देश्य से इसका प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने



बताया कि ऑक्सिटोसिन के दुरुपयोग से पशुओं में गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं, वहीं ऐसा दूध पीने से मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

औषधि निरीक्षक ने दवा विक्रेताओं को चेतावनी दी कि बिना वैध अनुमति ऑक्सिटोसिन का भंडारण या बिक्री करते पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी मेडिकल स्टोर संचालकों एवं किराना व्यवसाईयो को निर्देश दिए गए कि वे प्रतिबंधित दवाओं से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन करें।

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घटित हुईं वारदातें

# मछली पकड़ने से रोका तो चौकीदार को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत बल्देवगढ़ में रहने वाले आरिफ खान पुत्र रफीक खान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह भावनी बांध पर चौकीदारी का कार्य करता है। बीती 14 दिसम्बर को शाम करीब 5.30 बजे जब वह बांध पर था कि तभी रंजीत यादव, चाली राजा, धर्मेंद्र राजा व एक अज्ञात व्यक्ति सभी निवासी टपरियन (पुर्नवास) बांध पर आये और मछली पकडऩे लगे। जब उसने मछली पकडऩे से मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से उसकी मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एकराय होकर दम्पत्ति से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर**। शहर के मोहल्ला गोविन्दनगर में रहने वाले हुसैन शाह पुत्र चिराग शाह ने पुलिस को लिखित शिकायत की है। बताया कि 15 दिसम्बर की रात करीब 10 बजे पड़ौस में रहने वाले अबी पुत्र वाहिद शाह एवं वाहिद व उसकी पत्नी सायरा ने उसे व उसकी पत्नी को गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोग नाली से निकले गंदे पानी को लेकर आये दिन विवाद करते हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एकराय होकर दम्पत्ति से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर**। शहर के मोहल्ला गोविन्दनगर में रहने वाले हुसैन शाह पुत्र चिराग शाह ने पुलिस को लिखित शिकायत की है। बताया कि 15 दिसम्बर की रात करीब 10 बजे पड़ौस में रहने वाले अबी पुत्र वाहिद शाह एवं वाहिद व उसकी पत्नी सायरा ने उसे व उसकी पत्नी को गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोग नाली से निकले गंदे पानी को लेकर आये दिन विवाद करते हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बच्चों के विवाद में महिला से मारपीट

**ललितपुर**। पास के गांव सतरवांस निवासी सगुन पत्नी सहदेव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 12 दिसम्बर को सुबह 7 बजे बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद को लेकर कुछ लोग उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर ललितादेवी पत्नी स्व.लखन, संतराम पुत्र लखन, अंगहरी पत्नी संतराम व दीपका पुत्री संतराम ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल होने पर बचाने आये पृथ्वी पुत्र हरीसिंह ने बचाव किया। आरोप है कि अपराह्न 1 बजे फिर से दीपिका आयी और उसके साथ मारपीट कर दी और ललितादेवी ने मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### 15 रक्तदाताओं ने शिविर में किया रक्तदान

**शमशाबाद**। ग्राम वर्धा में लायंस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोपाल मेडिकल कॉलेज की डॉ शिखा ठाकुर, डॉ प्रतिभा, डॉ स्मिता, मनीष धाकड़ जनपद सदस्य, सरपंच प्रहलाद सिंह कुशवाह, अभिनंदन धाकड़,अंकित धाकड़, महाराज सिंह आर्य आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण स्तर पर फसल बीमा पाठशाला आयोजित

**विदिशा**। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में फसल बीमा पाठशाला सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड नटेरन के ग्राम चक्क विलास में फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया गया। एसबीआई जनरल के तहसील समन्वयक शुभम मीणा ने किसानों को फसल बीमा योजना के उद्देश्य, लाभ, पंजीयन प्रक्रिया, दावा प्रकरण एवं जोखिम प्रबंधन की जानकारी दी।

गत 10 दिसंबर को हुआ था सड़क हादसा चार महिला शिक्षिका समेत चालक घायल

# टैंकर चालक की लापरवाही से टकराई थी शिक्षिकाओं से भरी हुई मारूति वैन

## मृतक शिक्षिका के पति की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

महानगर झांसी के थाना सीपरी बाजार अंतर्गत म.नं. 01 रसबहार कालोनी व हाल सी-1102 विजन हाइट्स राजघाट कालोनी निवासी प्रशान्त सुन्दरानी पुत्र स्व. गोपी सुन्दरानी ने तालबेहट थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी धर्मपत्नी ज्योति लाल सुन्दरानी जो कि प्राथमिक विद्यालय दिगारा तालबेहट में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। बताया कि 10 दिसम्बर को सुबह करीब 9 बजे उसकी धर्मपत्नी ज्योति लाल व उनके साथ 5 अन्य महिला शिक्षिका वाहन संख्या यू.पी.93 बी.जी. 4379 से स्कूल जा रहीं थीं। तालबेहट माताटीला रोड पर टैंकर संख्या एम.पी.17 एच.एच. 4639 बिना किसी संकेत के रोड पर खड़ा हुआ था। दुर्घटना टैंकर चालक की लापरवाही से टैंकर खड़ा करने से हुयी। इस दुर्घटना में उसकी पत्नी ज्योतिलाल सुन्दरानी को गंभीर चोटें आयीं, जिन्हें घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर झांसी रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान ज्योति लाल सुन्दरानी की मौत हो गयी। इसी घटना में एक अन्य शिक्षिका आरती शर्मा की तालबेहट सीएचसी में मृत्यु हो गयी थी। वहीं चार महिला शिक्षिकाओं में सुभाषिनी साहू, आरती साहू, आरती पटेल व पूनम त्रिपाठी के अलावा चालक हरीसिंह घायल हो गये थे। सभी घायलों का उपचार झांसी में चल रहा है। पुलिस ने प्रशान्त सुन्दरानी की तहरीर पर टैंकर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# भाई बनकर आया दिव्यांग व्यक्ति सोने-चांदी के जेवरात लेकर भागा

**ललितपुर**। निकटवर्ती ग्राम पनारी के तुलसीनगर निवासी रामवती पत्नी भगवान दीन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 11 बजे एक अंजान व्यक्ति उसके घर आया और उसका भाई होने का दावा करते हुये उसके घर आकर बैठ गया। बताया कि उक्त व्यक्ति दोनों पैर से दिव्यांग है, जो कि अन्य युवक जो कि दोपहिया वाहन लेकर आया हुआ था। काफी समय वह ओर उसकी पुत्री दुर्गा घर पर अकेले थे, जिसका फायदा उठाकर उक्त लोग चिकनी-चुपड़ी बातें करते हुये परिवार की जानकारी ली और घुलमिल गया। आरोप है कि बातों ही बातों में उक्त व्यक्ति उनके घर में रखे सोना-चांदी के आभूषण देखने के लिए मांगे, जिस पर उसने भरोसा करते हुये चार तोला सोना आभूषण, तीन मंगलसूत्र व आधा किलो चांदी के आभूषण में एक करधोनी व दो जोड़ी पायलें लाकर दिखा दिये। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने पीने के लिए पानी मांगा। वह जैसे ही पानी लेने गयी तो उक्त लोगों ने उसके आभूषण रख लिये और जिस कपड़े में रखे थे, उसमें पत्थर रखकर रस्सी जैसी वस्तुएं लपेट कर उसे दे दीं। उक्त लोग पानी पीकर वहां से रफूचक्कर हो गये। कुछ समय बाद जब उसने कपड़ा खोला तो उसके होश फाख्ता हो गये। आरोप है कि उक्त व्यक्ति के उसकी पुत्री ने मोबाइल से दो तस्वीरें भी खींची, जो कि साक्ष्य के रूप में मौजूद हैं। पीड़िता ने यह भी बताया कि उक्त व्यक्ति उसके घर पहले सिलाई मशीन भी सुधारने आ चुका है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मंदिर दर्शन के लिए गई पुत्री को पड़ोसी पर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। सदर पुलिस चौकी अंतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री बीती 15 दिसम्बर को सुबह करीब 6.30 बजे मोहल्ले में बने मंदिर में जल चढ़ाने के लिए गयी हुयी थी। देर दोपहर तक जब वह जल चढ़ाकर वापस नहीं लौटी तो उसने पुत्री को इधर-उधर मोहल्ले में, रिश्तेदारी में फोन लगाकर काफी खोजा, लेकिन वह नहीं मिली। बाद में कुछ मोहल्लेवासियों ने बताया कि पड़ौस में रहने वाले रामअवतार पुत्र स्व.हरदास कुशवाहा उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपनी मोटर साइकिल पर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। थाना बार अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 दिसम्बर को सुबह 7 बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री को गांव में रहने वाला संदीप पुत्र गुलाब बुनकर शादी करने के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने संदीप पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पिन्क रोजगार मेले में रोजगार पाने का युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**ललितपुर**। जनपद के समस्त युवक एवं युक्तियों/अभ्यर्थियों को जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर में एक पिन्क रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 20 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 10ः 30 बजे से किया जा रहा है । रोजगार मेले में 1-टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउन्स

ल में पर्सनल लॉन एक्सक्यूटिव पद हेतु 50 रिक्तियां 2-आर0आर0 मेनपावर मेनेजमेंट सर्विस मे ट्रेनी पद हेतु 400 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम, ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेन्ट, महिला कॅरियर एजेन्ट एवं ग्रामीण कॅरियर एजेन्ट पद हेतु 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आई0टी0आई0 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। पिन्क रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में कराना होगा । पंजीयन के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छित कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा।

रोजगार मेले के साथ ही एक दिवसीय कॅरियर प्री-काउन्सिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही सभी को यह भी सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलो में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे थ्ज्ञ्म्‌ ड।प्स्ध्ैध्फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

बिजली बिल योजना के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

# शत प्रतिशत ब्याज के साथ ही मूलधन राशि में भी 25 प्रतिशत की मिल रही छूटः जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनप के सभी सम्मान्नीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि शासन द्वारा वर्तमान में ह्वबिजली बिल राहत योजनाह्व लागू की गयी है, जिसके तहत 2कि0वा0 भार तक के घरेलू एवं 01 कि0वा0 भार के कामर्शियल ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा 31 मार्च, 2025 के बाद से अब तक एक बार भी भुगतान नहीं किया गया है (लॉग पेड उपभोक्ता) एवं ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा 21 मार्च, 2025 के बाद कभी भी भुगतान किया गया हो (नेवरपेड उपभोक्ता) इस योजना के तहत ब्याज में शत-प्रतिशत की छूट के साथ ही मूलधन राशि में 25 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं ।



उन्होंने बताया कि उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद ललितपुर के अन्तर्गत 68000 उपभोक्ता पात्र हैं जिन पर कुल रू0 124.00 करोड़ बकाया है। उपरोक्त पात्र उपभोक्ताओं में से 3283 नग लॉग अनपेड एवं 641 नेवरपेड उपभोक्ताओं कुल 3929 नग विद्युत उपभोक्ताओं के द्वारा योजना में पंजीकरण कराते हुए रू0 1.80 करोड की धनराशि विद्युत विभाग में. जमा करायी गयी है। उक्त के अतिरिक्त अभी काफी संख्या में उपभोक्ता उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु शेष हैं ।

अतः ऐसे सभी उपभोक्ताओं जिनके द्वारा अब तक इस महत्वपूर्ण एवं लाभकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं किया गया है, वे शीघ्रातिशीघ्र बिजली बिल राहत योजना में अपना-अपना पंजीकरण करते हुए उपरोक्त लाभकारी योजना का लाभ उठावें । जिससे विद्युत संयोजन विच्छेदन एवं आर0सी0 वसूली जैसी अप्रिय कार्यवाहियों से बचा जा सके ।

## घटना खानपुरा गांव के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास की

# तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, 2 महिलाओं की मौत, 3 गंभीर रेफर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के लिए पदयात्रा कर रही महिला श्रद्धालुओं के एक जत्थे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना ब्यावरा से लगभग 7 किलोमीटर दूर खानपुरा गांव के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास हुई। चाचैड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खेरबे निवासी ये महिलाएं एकादशी के अवसर पर ब्यावरा स्थित खाटू श्याम मंदिर जा रही थीं। गुना की ओर से आ रही एक सियाज कार (क्रमांक एमपी 19 सीबी 7825) ने इन पदयात्री श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई दूसरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया वहीं 3 अन्य महिलाएं रेफर की गई है। वहीं सिटी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामला दर्ज का दुर्घटना के कारणों की जांच हो रही है।

### भविष्य में सुरक्षा तय करने उठाने होंगे कदम

घटना के बाद पुलिस विभाग के एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा तहसीलदार सुभाष अलावे और थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनर्रावृत्ति न हो इसको लेकर सुरक्षा कदम उठाए जाएंगे।

### तीन महिलाएं भोपाल रेफर

हादसे में सीमाबाई गुर्जर पति जसबंत गुर्जर 28 साल निवासी खेरवे चक की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चिंताबाई पति जगदीश उम्र 40 निवासी खेरवे चक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शीतल बाई उम्र 18, सीमा बाई पिता विष्णु उम्र 30 और रामकंवर बाई पिता जगदीश घायल हुईं हैं। सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल ब्यावरा ले जाया गया, जहां कार जब्त, चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है सूचना मिलते ही सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक महिलाओं के शवों का सिविल अस्पताल ब्यावरा में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही।



## नगर स्थित छोटे श्रीनाथजी मंदिर में चल रहे कार्य का मामला

# राशि के अभाव में 4 महीने से बंद है मंदिर जीर्णोद्धार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहा जाएगा जो सैकड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े छोटे श्रीनाथजी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य राशि के अभाव में बीते करीब 4 महीनों से बंद पड़ा हुआ है। दरअसल, धर्मस्व विभाग ने लोक निर्माण विभाग को कुल राशि में से 60 फीसदी का भुगतान तो कर दिया है लेकिन बाकी की राशि अभी तक न आने के चलते ठेकेदार ने काम रोक रखा है।



### क्या है पूरा मामला

स्थानीय राजमहल गेट के समीप स्थित छोटे श्रीनाथजी की हवेली काफी प्राचीन होकर जीर्ण-शीर्ण हो चुकी थी। ऐसे में पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा के प्रयासों से धर्मस्व विभाग ने मंदिर जीर्णोद्धार के लिए करीब 66 लाख रुपए स्वीकृत करवाए थे। जीर्णोद्धार कार्य हेतु पीडल्यूडी ने एजेंसी फिक्स करते हुए कार्य करवाना शुरू करवा दिया लेकिन करीब 4 महीनों से यह काम बंद पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि धर्मस्व विभाग ने कुल स्वीकृत राशि में से 60 फीसदी का भुगतान तो पीडल्यूडी को कर दिया है लेकिन शेष राशि अभी तक नहीं भिजवाई गई है। ऐसे में संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य रोक रखा है। मंदिर से जुड़े सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित आमजनों द्वारा मांग की जा रही है कि राशि के अभाव में कमसकम मंदिरों से जुड़े कार्य तो नहीं रुकने चाहिए।

**इनका कहना है...**

धर्मस्व विभाग ने 60 फीसदी राशि का भुगतान तो कर दिया है लेकिन शेष राशि उनके द्वारा अभी तक नहीं भिजवाई गई है।

**दीपक कुमार**, कार्यपालन यंत्री, पीडल्यूडी, राजगढ़

**इनका कहना है...**

गलती धर्मस्व विभाग की नहीं है। पीडल्यूडी ने शेष राशि का प्रस्ताव सीधा संचालनालय भिजवा दिया था जबकि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार हमें भिजवाना था। अब प्रस्ताव मिल चुका है। एक-दो दिन में राशि रिलीज कर देंगे।

**श्री मालवीय**, धर्मस्व विभाग, उज्जैन

## मंडी प्रांगण में प्रेसवार्ता कर दी गई जानकारी

# सराफा व्यापारी के यहां हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ़

नगर के शिवजी चौक स्थित सराफा व्यापारी कमलेश डावर की दुकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। 9 और 10 दिसंबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।एसडीओपी मिनी शुक्ला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पाल पिता मांगीलाल (उम्र 18 वर्ष), निवासी भुराखेड़ी थाना चाचैड़ा जिला गुना तथा अंशुल मीणा पिता प्रीतम मीणा (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम खरेटिया थाना मलावर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 3.4 किलोग्राम चांदी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख रुपये है, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है, तथा ताला तोड़ने का एक सब्बल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### मंडी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं पहुंच सके एसपी

चोरी के मामले के खुलासे को लेकर मंडी प्रांगण में प्रेस वार्ता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में एसपी के पहुंचने की सूचना दी गई थी, लेकिन उनके अनुपस्थित रहने पर एसडीओपी मिनी शुक्ला ने ही पूरे मामले का खुलासा किया। प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा करने पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों को बधाई दी।

## प्रदेश की लाड़ली बेटियां, भविष्य की सशक्त पहचान : मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** सोमवार को राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छात्रावास एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने विद्यालय परिसर में छात्राओं से आत्मीय संवाद किया और उनकी सृजनात्मक कलाकृतियों का अवलोकन कर प्रतिभा की चमक को नजदीक से देखा। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश की ये लाड़ली बेटियाँ शिक्षा, कला और संस्कारों के साथ आगे बढ़कर हर क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाएंगी और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री टेटवाल ने छात्रावास में हुए नवीन निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा उनके सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुरक्षित आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

## कार्य की प्रगति, पारदर्शिता एवं समन्वय पर हुई विस्तृत चर्चा

# संभागायुक्त संजीव सिंह ने की एसआईआर कार्य की समीक्षा



**राजगढ़।** भोपाल संभाग कमिश्नर संजीव सिंह की अध्यक्षता में सोमवार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे जिन्होंने जिले में हुए एसआईआर कार्यों की सराहना की। साथ ही फील्ड स्तर पर बीएलओ द्वारा दिन-रात किए जा रहे कार्यों के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जो मतदाता पलायन कर चुके हैं, उनका पता लगाकर फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरवाए जाएं। नो-मैपिंग क्षेत्रों में नोटिस जारी कर सभी ईआरओ द्वारा सुनवाई सुनिश्चित की जाएएवं जहां भी विसंगतियां नजर आएं उनका तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिन एसआईआर कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान रिकार्ड की पुख्ता जांच सुनिश्चित की जाए। एईआरओ को निर्देशित किया गया कि वे एसआईआर कार्यों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करें तथा 15 से 20 बूथों पर पहुंचकर क्रॉसचेक करें। स्थायी पलायन एवं नो-मैपिंग क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र मतदाताओं की एसआईआर में मैपिंग हो। बैठक में कमिश्नर ने जनप्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी ली एवं एसआईआर प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सभी एसडीएम व ईआरओ को दिए निर्देश

कमिश्नर ने सभी ईआरओ एवं एसडीएम को उचित दस्तावेजीकरण, पुनः जांच तथा शुद्ध एवं पुख्ता डेटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से ज्ञान सिंह गुर्जर, अमित शर्मा, कांग्रेस से राशिद जमील, बसपा से रघुवीर सिंह उपस्थित रहे।

# शिवमहापुराण कथा की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** नगर के किशनगढ़ मोहल्ला गाड़ी अड्डा में शिव महापुराण कथा का साथ दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। प्रातः नगर के श्री राम मंदिर कुशवाहा मोहल्ला से शिव महापुराण शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बुधवारिया बाजार होते हुए कथा स्थल पहुंची। महिलाएं कलश धारण कर भारतीय वेशभूषा में शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी।राधे रानी सरकार समिति द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक पंडित ललित नागर सेंधवा वाले के मुखारविंद से श्रवण कराई जाएगी जिसमें प्रथम दिवस कथा वाचक पं. नागर ने बताया कि मेरे जीवन कि यह 227 नम्बर की कथा है जो आपको सुनाईं जा रही है। नगर के भक्त गण बहुत सोभाग्य शाली है क्योंकि हमारी कथा जगन्नाथ पुरी में थी वहां के बाद यह कथा जीरापुर नगर में हो रही है। उन्होंने कहा कि शिव है तो सब कुछ है शिव भक्ति बहुत सरल है, भोलेनाथ ने कभी यह नहीं कहा कि मेरी आराधना चोखट पर लम्बे समय तक करें वह तो नाममात्र एक लोटा जल से प्रसन्न हो जाते हैं।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद शुजालपुर की सेक्टर बैठक संपन्न

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की बैठक जनपद पंचायत शुजालपुर के सभागृह संपन्न हुई। जिसमें जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नगर, ब्लॉक समन्वयक सीमा बेडवाल, नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नगर द्वारा आगामी वर्ष भर की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं वर्षभर में जो जयंती कार्यक्रम की जानकारी दी गई। हमें समय-समय पर शासन के मार्गदर्शन में अन्य विषयों पर कार्य करना है जो शासन की योजनाएं संचालित होती है उन योजनाओं का लाभ लोगों के को कैसे पहुंचना है इसके बारे में जानकारी प्रदान की। संस्था की बैठक सूचना से लेकर गतिविधि तक के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल ने समिति को एक्टिव समिति के रूप में रखने के लिए हमें साप्ताहिक बैठक और बैठक में लिए हुए निर्णय पर ग्राम चौपाल के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना है। हमें शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता नशा मुक्ति जल संरक्षण अन्य विषयों पर कार्य करना है। बैठक में उपस्थित हुकुम सिंह मेवाड़ शिवानी परमार, अशोक पांचाल, जितेंद्र पुष्पद, अनिल डांगी देवेंद्र पुरी, मोहन विश्वकर्मा, हरिओम जोहार, दिनेश मेवाड़ ज्योति कुशवाह, अजय गुर्जर, आनंद सिंह मेवाड़ा, गोविंद पाटीदार, उमेश प्रजापति, कृष्णपाल राजपूत, बंटी जाटव माखन सिंह राजपूत एवं संध्या कमल सिंह सूर्यवंशी शैक्षणिक संस्था के अध्यक्ष कमल सिंह सूर्यवंशी उपस्थित रहे।



# नवोदय विद्यालय रातीबढ़ से 2 छात्र लापता, जिनमें 1 राजगढ़ से

## चार दिन से लगातार खोजबीन के बाद भी नहीं लगा पता



**राजगढ़।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबढ़ जिला भोपाल की कक्षा नवमीं में अध्ययनरत दो छात्र गत 13 दिसंबर से स्कूल से लापता हैं। इन छात्रों में राजगढ़ जिले का एक विद्यार्थी भी शामिल है। स्कूल प्रबंधन, पुलिस एवं बच्चों के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी दोनों छात्रों का अब तक कोई पता नहीं लग पा रहा है। जानकारी के अनुसार भोपाल जिले के रातीबढ़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा नवमीं में पढ़ने वाले दो छात्र धीरज पिता करनसिंह गुर्जर निवासी जाटियाखेड़ी, तहसील ब्यावरा एवं अंकित पिता सर्जन सिंह गुर्जर निवासी कढ़ैया कोटा, बैरसिया गत 12 दिसंबर की रात्रि तक स्कूल में देखे गए थे। लेकिन, इसके उपरान्त 13 दिसंबर से अचानक दोनों विद्यालय परिसर से लापता हो गए। स्कूल प्रबंधन ने इस बारे में रातीबढ़ थाना सहित दोनों छात्रों के अभिभावकों को तत्काल सूचना भिजवाई। रातीबढ़ पुलिस के साथ दोनों बच्चों के परिजन भी अपने स्तर से उन्हें खोजने के प्रयास में लगे हुए हैं। राजगढ़ के छात्र धीरज के पिता करनसिंह ने बताया कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों सहित हर संभव स्थानों पर अपने बच्चे को तलाश कर लिया है लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं लग पाया है।

# स्टेट कराते चैंपियशनशिप में खेल प्रतिभाओं ने जीते कई पदक

## इंदौर के डेली कॉलेज में संपन्न हुई दो दिवसीय स्पर्धा



**राजगढ़।** गत 12 एवं 13 दिसंबर को इंदौर के डेली कॉलेज में मध्य-प्रदेश स्टेट कराते चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में जिले की कईं होनहार खेल प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कईं मेडल हासिल किए। क्रीडा भारत राजगढ़ जिला मंत्री एवं कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में अवयुत पिता जीतेंद्र सेन ने अंडर-7 इयर कैटेगरी में कांस्य पदक, बसंत पिता हेमराज विश्वकर्मा ने 18 प्लस कैटेगरी में सिल्वर पदक, अवनी पिता योगेश शर्मा ने अंडर-13 में कांस्य पदक, आराध्य पिता रोहित मौर्य ने अंडर-12 कैटेगरी में कांस्य पदक, प्रतिष्ठा पिता लखन लोधी ने अंडर-21 कैटेगरी में कांस्य प्रदक प्राप्त किया है। कराते में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल करने वाली ये सभी खेल प्रतिभाएं आगामी 2 से 6 जनवरी 2026 में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु के सेलेक्शन सम्मिलित होंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीडा भारती एवं कराते संघ के पदाधिकारी सचिन शर्मा, कंचन सोनी, सुनील बाफना, इंदरनारायण श्रीवास, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिंची, घनश्याम कुशवाह सहित अन्य ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## लोधा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सारंगपुर।** लोधा समाज द्वारा आयोजित क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह में सहभागिता के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष पंकज लोधा का जयनगर में पटेल कृषि फार्म आगर रोड स्थित फार्म हाउस पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वागत कार्यक्रम में विशेष रूप से पटेल,ओंकार सिंह,पार्षद भानु सिंह, विनोद लववंशी (मंडल उपाध्यक्ष), सरपंच इंदर सिंह, बाबूजी, प्रभु लाल, पीरू लाल दल्ला लाइनमेन समंदर मंत्री शांतिलाल लववंशी, ग्यारसी राम कुलारिया साहब, लाड सिंह देवी सिंह पटेल साहब राधानगर, शांतिलाल यशवंत केसर सिंह पवन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, प्रतिभाओं के सम्मान और सामाजिक उत्थान पर चर्चा की गई। उपस्थित समाजबंधुओं ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज लोधा के मार्गदर्शन को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## जांच में मिला गंदगी का अंबार, सिर्फ सैंपल की खानापूर्ति कर लौटे अधिकारी

# टोस्ट फैक्ट्री सपना इंटरप्राइजेज का लायसेंस रद्द, एफएसएसआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

एसएस इंटरप्राइजेज भोपाल के पवन रोस्टेड ब्रेड ब्रांड पर भरोसा करना बंद कर दें, जिसे आप हर सुबह नाश्ते में खाते हैं। ब्यावरा शहर के सबसे चर्चित मार्ग शासकीय हॉस्पिटल रोड एसडीएम ऑफिस के सामने और मल्टीफेसिलिटी हेल्थ सेंटर के नीचे बेसमेंट पर प्रतिष्ठित और लोकप्रिय ब्रेड का दावा करने वाली एक फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारी शिवराज पावक ने रविवार को सैंपलिंग की कार्यवाही की गई है। जनहित से जुड़ी यह खबर आपको अंदर तक हिला देगी, क्योंकि जिस माहौल में ब्रेड बन रही थी, वह किसी डरावनी फिल्म के सेट से कम नहीं था।

### फैक्ट्री नहीं, गंदगी का गोदाम

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने जब रविवार को फैक्ट्री पर औचक धावा बोला, तो वहां का मंजर विचलित कर देने वाला था। हर तरफ पसरी गंदगी, बदबू और घोर अनियमितताएं देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। चूहों और कॉकरोच का बसेरा उत्पादन क्षेत्र में, जहां ब्रेड पैक हो रही थी, वहां चूहों की मौजूदगी के पुख्ता सबूत मिले हैं। साथ ही, कॉकरोच और अन्य कीड़े-मकोड़े खाद्य सामग्री के बीच रेंगते पाए गए। सड़ी-गली सामग्री का अंबार बड़ी मात्रा में इस्तेमाल हो चुका और काला पड़ चुका तेल (जिसे बार-बार इस्तेमाल किया जा रहा था), फफूंदी लगी मैदा, और एक्सपायर्ड प्रिजर्वेटिव्स का जखीरा बरामद हुआ।



### टोस्ट बनाने वाली जगह पर फैली थी गंदगी

उत्पादन क्षेत्र में गंदगी ब्रेड बनाने वाले मुख्य हॉल में फर्श पर पानी और तेल फैला हुआ था। मशीनों की सफाई महीनों से नहीं हुई थी। अधूरी कार्रवाई इतनी गंदगी के बावजूद, अधिकारियों ने सिर्फ कुछ तैयार ब्रेड और कच्चे माल के नमूने लिए। नियमानुसार, यदि प्रथम दृष्टया खाद्य सामग्री असुरक्षित पाई जाती है, तो तत्काल प्रभाव से उत्पादन बंद कर फैक्ट्री को सील किया जाना चाहिए था। सुरक्षा का बुरा हाल है, जहां लिए गए कई सैंपल अक्सर फेल हो जाते हैं, फिर भी प्रभावी कार्रवाई नदारद रहती है। विभाग ने अपनी जिम्मेदारी सिर्फ सैंपल लेने तक सीमित कर दी है, जिससे मिलावटखोरों और लापरवाह उत्पादकों के हौसले बुलंद हैं।

**इनका कहना है...**

हमारी फैक्ट्री में गंदगी मिलने के कारण लायसेंस रद्द हो गया है अधिकारी बोल रहे हैं कि जल्दी हो जाएगा इसका समाधान

**पवन पालीवाल**, एसएस इंटरप्राइजेज ब्यावरा